सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-6	विषय: हिंदी बाल रामायण	पाठ: बालकांड

प्रश्न१) राजा दशरथ और अयोध्या का संक्षेप में वर्णन करो।

उत्तर राजा दशरथ सरयू के किनारे बसे अयोध्या के राजा थे। वह बहुत प्रतापी ,उदार, सत्य प्रतिज्ञ और सदाचारी थे। वे सदा कुल की मर्यादा के अनुसार धर्म का पालन करते थे उनकी अयोध्या नगरी बारह योजन लम्बी और तीन योजन चौड़ी थी। नगर की सुरक्षा के लिए उनके चारों ओर चौड़ी और ऊँची दीवार थी। अनेक उद्यान सरोवर तथा ऊँची -ऊँची अट्टालिकाएँ इसकी शोभा बढ़ा रही थी।

प्रश्न २) राम का जन्म कब हुआ?

उत्तर श्री राम का जन्म चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रानी कौशल्या के गर्भ से हुआ।

प्रश्न ३) विश्वामित्र राम को लेने क्यों आए?

उत्तर-महर्षि विश्वामित्र सिद्धि प्राप्ति के लिए एक यज्ञ कर रहे थे लेकिन मारीच और सुबाहु नामक दो राक्षस उनके यज्ञ में विघ्न डालते थे। यज्ञ की रक्षा के लिए विश्वामित्र राम को लेने आए।

प्रश्न ४) राम को उनकी सेवा से क्या-क्या लाभ हुए?

उत्तर विश्वामित्र ने राम को बला और अतिबला नाम की दो विद्याएँ सिखाई जिससे उन्हें कभी भूख और प्यास नहीं लगेगी और थकावट परेशान नहीं करेगी। विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण की सेवा से खुश होकर उनको दंडचक्र ,धर्मचक्र, कालचक्र, विष्णुचक्र, आदि अनेक दिव्य अस्त्र दिए।